तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025



12 पुरुषों में मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा व महिलाओं ...





11 विद्यार्थियों व शिक्षकों को दी गई यातायात नियमों की...






## खबर संक्षेप

### ग्राम पोंड़ी में संगीतमय श्री रामकथा 19 फरवरी से



**बालोद।** श्री राम कथा आयोजन समिति पोंडी द्वारा 19 से 25 फरवरी तक संगीतमय श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित युत युवराज पाण्डेय होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 19 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। उसके बाद श्रीराम कथा महत्तम वर्णन, वाल्मिकी व तुलसीदास चरित्र एवं शिव चरित्र पर कथा होगी। 20 फरवरी को सूर्यवंश की गाथा, श्री राम जन्म एवं सीता जन्म की कथा होगी। 21 फरवरी को श्री राम जन्मोत्सव, अहिल्या उद्धार, श्री राम जानकी विवाह, 22 को श्री राम वनवास, भरद्वाज एवं वाल्मिकी जी मिलन एवं प्रसंग होगा। 23 को भरत चरित्र, जयन्त की कथा, 24 को सीता हरण, शबरी प्रसंग हनुमान जी से मिलन तथा 25 फरवरी को सेतु निर्माण, राज्याभिषेक, तुलसी वर्षा एवं चढ़ोतरी, गीता दान, हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।

### मटिया में मड़ई 26 को, कबड्डी स्पर्धा 23 व 24 फरवरी को

**बालोद।** ग्राम मटिया में 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही मटिया के छोरे कबड्डी क्लब मटिया (पी) द्वारा दो दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 23 व 24 फरवरी को किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 5025 रुपये, द्वितीय 3025 रुपये, तृतीय 2025 रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 1025 रुपये रखा गया है।

### देवरी (ख) में श्री गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम आज

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख) में निषाद समाज द्वारा 22 जनवरी को भक्त शिरोमणी श्री गुहा निषादराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता राजेन्द्र निषाद अध्यक्ष निषाद समाद जिला बालोद करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश शोभायात्रा के साथ होगी। उसके बाद 11 बजे सत्यनारायण पूजा की जाएगी। उसके बाद जय अम्बे महिला मानस मंडली बोरगहन, अर्जुन्दा की प्रस्तुति होगी। दोपहर 2 बजे अतिथि आगमन, स्वागत उद्बोधन मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, विधवा महिलाओं का सम्मान, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में संरक्षक मुन्नीलाल निषाद, अध्यक्ष धनुष निषाद सहित समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

## चुनाव

### कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन के दिए निर्देश

# निर्वाचन संबंधी कार्यों में त्रुटि बिल्कुल न हो बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए राज्य में आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि हम सभी अधिकारी–कर्मचारी लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिए पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

इसके साथ ही जिले में नगरीय निकाय एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन का कार्य निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को पूरी सतर्कता एवं सावधानी के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नहीं होती, इसलिए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी जानकारियों को निर्धारित समय–सीमा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।



### अधिकारी-कर्मचारियों को मंत्री के निजी आवास में पहुंचकर मुलाकात की अनुमति नहीं

बैठक में चन्द्रवाल ने सोमवार 20 जनवरी से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाने के फलस्वरूप निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान मंत्रियों के सर्किट हाउस में ठहरने के दौरान उनके द्वारा शासकीय कार्यों से संबंधित विभाग के अधिकारियों को सर्किट हाउस में बुलाए जाने पर अधिकारी–कर्मचारी सर्किट हाउस में मंत्रियों के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। लेकिन किसी मंत्री के निजी आवास में ठहरने पर किसी भी अधिकारी–कर्मचारियों को निजी आवास में पहुँचकर मंत्री से मुलाकात करने की अनुमति बिल्कुल भी नहीं होगी। इसके अलावा मंत्री जब निर्वाचन दौरे में हो तो शासकीय अधिकारी–कर्मचारियों को उनके साथ दौरे पर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### राजनीतिक दलों को सभा-सम्मेलन से पहले लेनी होगी अनुमति

बैठक में कलेक्टर ने आचार संहिता के दौरान शासकीय मैदान आदि में राजनीतिक दलों को सभा, सम्मेलनों के आयोजन के अनुमति प्रदान करने के लिए जारी किए गए दिशा–निर्देशों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में एक ही स्थान पर सभा, सम्मेलनों के आयोजनों के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर एक ही समय पर एक से अधिक सभा–सम्मेलनों के आयोजनों की अनुमति न दी जाए। इसके अंतर्गत उन्होंने पहले आवेदन करने वाले राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थियों को पहले सभा, सम्मेलन के लिए अनुमति देने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने आचार संहिता के दौरान कोलाहल अधिनियम का भी पूर्णतः पालन करते हुए सभा, सम्मेलन के आयोजन एवं चुनाव प्रचार के लिए ध्वनि विस्तार यंत्रों की अनुमति देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को जिले में नगरीय निकायों एवं त्रि–स्तरीय आम निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- निको माइनिंग गिधाली के सामने मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना

निको माइनिंग गिधाली के सामने मेन रोड पर ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं एक अन्य घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। थाना डौंडीलोहारा में मृतक के भतीजे की रिपोर्ट पर 20 जनवरी को ट्रक चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम गैंजी निवासी निको माइनिंग गिधाली के सिक्यूरिटी गार्ड रूपधर यादव ने बताया कि 19 जनवरी को मेरे चाचा अन्नू राम यादव अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एजी 7604 से गांव के हिरामन विश्वकर्मा के साथ ग्राम चिपरा मड़ई देखने गए थे। मड़ई देखकर मोटर सायकल को स्वयं चलाते हुए अपने घर ग्राम गैंजी हिरामन विश्वकर्मा के साथ आ रहे थे। रात्रि में निको माइनिंग गिधाली के सामने मेन रोड पर पहुंचे थे, तभी निको माइनिंग में आयरन ओर लोड करने पार्किंग में लगे ट्रक क्रमांक सीजी 08 एके 5109 के चालक ने ट्रक वाहन को पार्किंग स्थल से तेज रफ्तार में लाकर मेन रोड में क्रास करते हुए अन्नू यादव की मोटर सायकल को ठोकर मार दी।

ठोकर मारने से अन्नू यादव और हिरामन विश्वकर्मा घायल हो गए। उन्हें निको माइनिंग गिधाली के एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल डौण्डीलोहारा में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अन्नू यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हिरामन विश्वकर्मा का प्राथमिक उपचार करने के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर कर दिया गया।

## पिकअप की चपेट में आया बाइक चालक, घायल

- ग्राम पेण्डरवानी के पास हुई सड़क दुर्घटना

**बालोद।** पिकप वाहन के अचानक मोड़ने से ओवरटेक कर आगे बढ़ रहा मोटरसाकल चालक उसकी चपेट में आ गया। दुर्घटना में घायल बाइक चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, आरोपी पिकप चालक के खिलाफ 125(ए), 125(बी), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है। ग्राम अकलवारा निवासी बीएड छात्र हरिश कुमार साहू ने बताया कि सोमवार दोपहर मेरे चाचा के लड़के भोजेन्द्र कुमार साहू ने फोन कर बताया कि तुम्हारे पिता श्यामलाल साहू का ग्राम पेण्डरवानी के पास एक्सीडेंट हो गया है। उन्हें सरकारी अस्पताल धमतरी में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। सूचना पर धमतरी पहुंचकर अस्पताल में पिता जी से मिला। पिताजी ने बताया कि वह कंवर में दवाई दुकान को बंद कर वापस ग्राम पेरपार भागवत सुनने के लिए अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 केवी 3490 ▶▶| शेष पेज 11 पर

### नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के लिए की गई प्रभारी एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के कार्यों के सफल संचालन के लिए प्रभारी एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इसके अंतर्गत मतदान दलों के गठन के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था, मतदान दल एवं मतगणना दल तथा उनके प्रशिक्षण संबंधी कार्यों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जागव बोटर (जाबो) अंतर्गत स्थानीय निर्वाचन के प्रति व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार तथा त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली के लिए जन–जागरूकता के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सर्व नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत सर्व जिला बालोद को सहायक अधिकारी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जिला कलेक्टर चंद्रवाल ने की स्थानीय अवकाश की घोषणा

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए बालोद जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार बुधवार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, बुधवार 01 अक्टूबर को महानवमी (दशहरा) एवं मंगलवार 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त तिथि में अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के बाद नगरीय निकाय–त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के 08 नगरीय निकाय जहाँ पर निर्वाचन संपन्न किया जाना है। जिले के कुल 08 नगरीय निकायों के लिए कुल 164 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी नगरीय निकायों के मतदाताओं की कुल संख्या 86 हजार 461 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 41 हजार 208, महिला मतदाताओं की संख्या 45 हजार 252 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 01 है। इसी तरह त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के 05 जनपद पंचायतों में कुल 1282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जनपद पंचायतों में मतदाताओं की कुल संख्या 06 लाख 03 हजार 840 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 02 लाख 97 हजार 342, महिला मतदाताओं की संख्या 03 लाख 06 हजार 492 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है।

## प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बच्चों को पिलाया जाएगा विटामिन ए व आयरन सिरप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले में 21 फरवरी तक किया जाएगा शिशु संरक्षण माह का आयोजन
- जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सिंह ने बच्ची को सिरप पिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जिले में शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम 21 जनवरी से 21 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 21 जनवरी को मितानीन भवन बालोद में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जेके सिंह ने एक वर्षीय बच्ची को विटामिन ए सिरप व आयरन सिरप पिलाकर किया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जेके सिंह ने बताया कि शिशु संरक्षण माह का आयोजन 21 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सेवाएं निःशुल्क प्रदाय की जाएंगी। इसके तहत 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण तथा विटामिन ए सम्पूरक आहार की प्रदायगी, कुपोषित बच्चों की पहचान, रक्त अल्पता से पीड़ित व प्रभावित बच्चों को आयरन सिरप से तथा गर्भवती माताओं की पहचान, जांच, आयरन टेबलेट द्वारा उपचारित किया जाना है।


टीकाकरण सत्र के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उपरोक्तानुसार उल्लेखित शिशु व मातृ स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं का संवर्धन कराया जाना है। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जेके सिंह, जिला सलाहकार डॉ अरविंद मिश्रा, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, जिला वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर रविकांत साहू, पर्यवेक्षक एसएल देवांगन, एलएचव्ही चन्द्रिका उईके, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुखिया सहारे, ललिता साहू, काउंसलर गार्गी साव एवं मितानीन, बच्चे व उनके परिजन उपस्थित थे।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


## पूर्व पार्षद उमा ने थामा कांग्रेस का हाथ



**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के कार्यक्षेत्र व कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की पूर्व पार्षद उमा साहू ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने उन्हें अपने कार्यालय में कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश करवाया। इस अवसर पर कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राम जानकी बड़े मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव आज

**गुण्डरदेही।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर 22 जनवरी को गुण्डरदेही नगर स्थित राम जानकी बड़े मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नगर के सौरभ जैन ने बताया कि सुबह हवन पूजन व आरती के बाद भगवान श्री रामचंद्र को छप्पन भोग लगाया जाएगा। उसके बाद महाप्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी राम भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।




## जागरुकता : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान

# विद्यार्थियों व शिक्षकों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी, उनका पालन करने किया गया प्रेरित








हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान के स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर उनका पालन करने के लिए जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। जिले में 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान 20 जनवरी को दल्लीराजहरा के स्कूल में निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी दल्लीराजहरा द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जागरूता कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनका पालन के लिए जागरूक किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी। इसके साथ ही उन्होंने पालकों से भी आग्रह किया कि अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें, अन्यथा पालक पर भी कार्रवाई की जाएगी।

- एएसपी मोनिका ठाकुर ने कहा नाबालिग न चलाएं वाहन, अन्यथा पालकों पर भी हो सकती है कार्रवाई



### यातायात के इन नियमों का पालन अवश्य करें

कार्यक्रम के दौरान यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करें, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं। इसके साथ ही वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज़ हमेशा अपने साथ रखने के लिए जागरूक किया।

### दुर्घटना में घालय लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करें

इसके साथ ही गुड सिमरिटन के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया, कि यदि कहीं सड़क दुर्घटना होती है, तो उसमें घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सहयोग अवश्य करें, ताकि समय पर इलाज कर उनकी जान बचाई जा सके। एएसपी मोनिका ठाकुर ने कहा कि इसी प्रारंभिक समय को गोल्डन आवर कहते हैं, क्योंकि दुर्घटना के तत्काल बाद जितनी जल्दी घायलों का इलाज शुरू होगा, उतनी ही ज्यादा संभावना उनकी जान बचने की होती है। इसलिए जहां कहीं दुर्घटना में घायल व्यक्ति दिखें, उनके तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि समय रहते इलाज कर उनकी जान बचाई जा सके। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा घायलों की तत्काल मदद करने वालों का नाम गुप्त रखा जाता है तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों, अनाथों के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका ने 16 जनवरी को अपने स्वेच्छानुदान मद से 18 संस्थाओं को 18 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके अंतर्गत शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय अडावाल जगदलपुर जिला बस्तर, शासकीय श्रवण बाधितार्थ विद्यालय जावंगा गीदम जिला दंतेवाड़ा, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय कांकेर, शासकीय बौद्धिक मंद बालिकाओं के लिए विशेष विद्यालय जिला नारायणपुर, शासकीय दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय जिला जशपुर आदि के लिए सहायता राशि स्वीकृत की है।

### छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को दो पुरस्कार



**रायपुर**। कर्नाटक राज्य के बेलगाम में आयोजित इंडिपेंडेंट पॉवर प्रोड्युसर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 25 वें रेगुलेटरी एंड पॉलिसी मेकर्स रिट्रीट में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (सीएसपीटीसीएल) को दो महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए। इसे राज्य पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह द्वारा प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को प्रदान किया गया। भारत के राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को मिलाकर कुल 35 राज्य भार प्रेषण केन्द्रों में से छत्तीसगढ़ के राज्य भार प्रेषण केन्द्र को आउटस्टेण्डिंग एचीवमेन्ट एवार्ड एवं द्वितीय इजीएस्ट एक्सेस टू ओपन एक्सेस संवर्ग में फर्स्ट रनर-अप का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस पुरस्कार हेतु निर्धारित प्रपत्र में पिछले 5 वर्षों के ओपन एक्सेस आवेदनों की स्वीकृति से संबंधित डाटा जैसे, कुल प्राप्त, स्वीकृत, निरस्त, लंबित एवं प्रकिया समय की जानकारी मांगी गई थी। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य बिन्दुओं जैसे एसएलडीसी प्रशासन एवं स्वशासन के वित्तीय लेखा-जोखा, 5 वर्षों के केपेक्स प्लान, स्काडा संचार माध्यम आदि की जानकारी भी उपरोक्त प्रपत्र में चाही गई थी।

### प्राण-प्रतिष्ठा और स्थापना दिवस पर आयोजन आज

**रायपुर**। अयोध्या नगरी में करोड़ों हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा और स्थापना दिवस के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम पचपेड़ी नाका स्थित दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित है। यह जानकारी पं. आदित्य पांडेय ने देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह भव्य श्रृंगार एवं आरती और दोपहर 12 बजे महाभोग का कार्यक्रम होगा। साथ ही भव्य भंडारा दोपहर 1 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ, संध्याकाल 5 बजे से भव्य आरती एवं आतिशबाजी की जाएगी।

## निधन

### सोमन राम साहू



**गुरूर**। ग्राम पेवरो के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सोमन राम साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# ग्राम कोंगनी में कवियों ने रचना पाठ से बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

ग्राम कोंगनी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कबीर पंथ के महात्मा राजस्थान किशनगढ़ से पधारे गौरव साहेब ने सारगर्भित प्रवचन दिया। दूसरे दिवस रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर सुधारात्मक संदेश दिया। सर्वप्रथम मासुल से आई कुसुमा साहू ने आह्वान गीत के माध्यम से नशा छोड़ने की बात मुखरता से प्रस्तुत की, फिर मातृभूमि को नमन करते हुए अपनी रचना प्रस्तुत की।

विजय टंडन ने हास्य व्यंग्य की फुलझड़ी से श्रोता समाज को गुदगुदाया। बाल संस्कार, शिक्षा, व्यवस्था, पर्यावरण पर अपनी रचनाओं से समा बांधा। अर्जुंदा से आई डॉक्टर बुशरा परवीन ने समाज सुधार का शाश्वत संदेश दिया नारी शक्ति की महानता को भी अपनी रचनाओं में रेखांकित किया। राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत प्राचार्य एवं लोक साहित्य कला मर्मज्ञ ने अपने मधुर स्वर में गीत प्रस्तुत कर भाव विभोर कर दिया। शहीदों को नमन करते हुए उनकी पंक्तियां कोरी कोरी दिया शहीद के नाम ओरी ओरी दिया शहीद के नाम सुनाया।

- तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह के तहत दूसरे दिन हुआ कवि सम्मेलन

संचालन करते हुए केशव साहू ने पेड़ पौधों से मानव के गहरे आत्मीय संबंधों को अपनी कविता में अभिव्यक्ति दी। वहीं, संत प्रवर गौरव साहेब ने कवि सम्मेलन को पूरा समय देकर अपनी सान्निध्यता प्रदान की और कहा कि ग्राम्य परिवेश में इतनी बढ़िया काव्य प्रस्तुतियां बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कवियों की कविता में समाज की पीड़ा व्यंजित होती है। गलत परंपराओं और कुप्रथाओं पर रचना द्वारा प्रहार कर सुधार का मार्ग प्रशस्त किया जाता है। कार्यक्रम में चुनुराम साहू, ईश्वर, केसु राम, चौतराम साहू, राधेश्याम साहू, सियाराम साहू, रामनाथ साहू, शांति रुक्मणी, जनक राम, उत्तरा, हेमलता, इंद्रजीत, उपासना, युवराज, धर्मदास, युवराम, जगौती, मोहन, पीतांबर, चेतन एवं गांव के गणमान्य सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

# श्री राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हुई कवि गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा



अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद द्वारा स्थानीय श्री राम मंदिर में विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री रामचंद्र जी के स्तुति से हुई। भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना के बाद डॉ.अशोक आकाश अध्यक्ष मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद व समन्वयक छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग जिला बालोद की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। डॉ अशोक आकाश ने कहा कि पीढ़ियों के लंबे संघर्ष के बाद श्री रामचन्द्र जी महाराज अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। यह सनातन धर्म की बड़ी जीत है। हर्षा देवांगन ने अपने विचार रखते हुए कहा धर्म सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के आदर्शों से भारतवासी निश्चित रूप से अनुकरण कर अपना वजूद अपनी पहचान कर एक नया आयाम तय करेंगे। गोष्ठी का संचालन कवि वीरेंद्र अजनबी ने किया। कार्यक्रम में साहित्यकारों ने सनातन धर्म के प्रति आस्था प्रकट करती कविता का पाठ कर हिन्दू जागरण का संदेश देती काव्य प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर डॉ.अशोक आकाश, देव जोशी गुलाब, कवि तोषण चुरेंद्र, हर्षा देवांगन, वीरेंद्र अजनबी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। श्री राम मंदिर स्थापना दिवस पर निर्मला पांडे सहित बड़ी संख्या में रसिक श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन की घोषणा देव गुलाब जोशी ने की।

## पेज 9 के शेष

### नगरीय निकाय व ...

नियुक्त किया गया है। इसी तरह मतदान केन्द्रों के व्यवस्था के अंतर्गत जिले के सभी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदान केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने एवं सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों में फर्नीचर की व्यवस्था कराने, समस्त मतदान केन्द्रों में रेम्प, महिला व पुरुष प्रसाधन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं सर्व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर नूतन कुमार कंवर, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा सहित अन्य अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

### पिकअप की चपेट ...

में जा रहे थे। ग्राम पेण्डरवानी रोड पर छोटा हाथी पिकप क्रमांक सीजी 04 जेसी 6936 जा रहा था, जिसे मैं ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान पिकअप चालक ने तेजी से अचानक बिना एंटीगेटर जलाए मोड़ दिया। इससे पिकप के पीछे निकले एंगल से टकराने से मेरा बांया पैर टूट कर कट गया। साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट आई है। पिकप वाहन से चोट लगकर नीचे गिर गया, जिसके बाद पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया। इसी दौरान सामने से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनएच 2529 के चालक ने मोटर सायकल को रौंद दिया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई।

# कोचवाही समिति अध्यक्ष बाबूलाल ने संभाला पदभार



**गुरूर**। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोचवाही में अमलीपारा निवासी बाबूलाल सिन्हा को प्राधिकृत अध्यक्ष के रुप में मनोनीत किया गया है। बाबू लाल सिन्हा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यक्रम में कोचवाही सहित आसपास के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर किसान संघ उपाध्यक्ष भगत राम बढई, सरपंच भुनेश्वरी यादव, सरपंच पोंड नरसिंह चोरमार, प्रबंधक हरवंश नेताम रोहित यादव, महेश भुआर्य, नारायण यादव, कृपाराम घरत, गिरवर बजरंग, अविनाश कोर्राम, नागेश नाग सहित सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी शामिल थे।

# अरजपुरी में शहीद गैंदसिंह नायक को दी गई श्रद्धांजलि



**डौंडीलोहारा**। वनांचल ग्राम अरजपुरी में शहीद गैंदसिंह नायक की 200 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर समस्त अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज द्वारा शहादत दिवस में मोमबत्ती जलाकर नमन किया। इस अवसर पर ग्रामवासी उपस्थित थे।

### धान की बची राशि पर ब्याज भी दे राज्य सरकार

**रायपुर**। धान खरीदी के बाद अंतर की राशि फरवरी में देने संबंधी राज्य सरकार कैबिनेट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। सरकार को अंतर की राशि पर ब्याज भी देना चाहिए। रविवार को हुई विष्णु देव साय सरकार के कैबिनेट बैठक में किसानों के धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रतिक्विंटल का बकाया 800 रुपए प्रति क्विंटल फरवरी में देने का निर्णय लिया गया है।

**मकान में छिपाकर रखे 78 तोते जब्त:** रायपुर। पीसीसीएफ, राज्य वन उड़नदस्ता तथा रायपुर वनमंडल की संयुक्त टीम ने सोमवार को गोगांव रेलवे अंडरब्रिज स्थित शेख मोहम्मद के निवास पर दबिश देकर 78 नग अलग-अलग प्रजाति के तोते जब्त किए। रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल के मुताबिक, शेख मोहम्मद के निवास से तोते बरामद किए गए हैं।

## आचार संहिता लागू, शस्त्र लाइसेंस निलंबित सात दिन के भीतर थाने में जमा करने होंगे

**रायपुर**। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2025 की घोषणा होते ही जिले में आचार संहित भी लागू हो गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आचार संहिता लागू होने पर जिले में लाइसेंसधारी शस्त्रों का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया है। इस निलंबन के साथ लाइसेंस लेने वालों को अपने शस्त्र भी सात दिनों के भीतर थाने में जमा करने होंगे। जिले में दो हजार से ज्यादा लोगों को हथियार रखने का लाइसेंस जारी किया है। इसमें सरकारी और निजी बैंक, कंपनी सहित अन्य संस्थाओं के सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वालों से लेकर नेता, सरकारी कर्मचारी समेत आम लोग भी शामिल हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वालों को इस नियम में छूट दी जाती है। इसके लिए लिखित में उन्हें आवेदन देना होगा, वहीं सरकारी कर्मचारी, नेता सहित आम लोगों को हथियार जमा कराना अनिवार्य है।

### दो हजार से ज्यादा लाइसेंस जारी

जिले में दो हजार से ज्यादा लोगों को हथियार रखने का लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत इन लोगों में जिन्हें हथियार अनिवार्य रूप से जमा कराना है, उन सभी को 7 दिवस के भीतर अपना हथियार थाने में जमा करना होगा। इस दौरान अगर कोई जिला, राज्य या देश से बाहर है तो उसे इसकी सूचना मोबाइल, मैसेज या ई-मेल सहित अन्य किसी भी माध्यम से देनी होगी।

## जन्मदिन उत्सव पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




# कलयुग सम्राट
# राजसूय महायज्ञ

## मूल मंत्र- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

## 1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025

**प्रकृति, माया, शक्ति से निर्मित सभी इनके आधीन है**

॥ पितरों का भी हो जाता है मोक्ष ॥

**यज्ञाहुति समय**
**प्रातः 11:00 बजे से**
**दोपहर 01:00 बजे तक**

श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे पार्श्वे
नक्षत्राणि रूपमशिवनौ व्यात्तम् ।
इष्णन्निषाणामुं म इषाण।
सर्वलोकं म इषाण ।।२३।।

हे प्रभो ! श्रीदेवी और लक्ष्मी देवी ये आपकी पत्नियाँ हैं दिन और रात्रि आपके पार्श्व हैं, नक्षत्र आपके रूप हैं, पृथ्वी, स्वर्ग मुख विकास है। हमें आप प्यार करते हैं, इसलिए हमारा अभ्युदय चाहोगे। मैं सर्वलोकात्मक हो जाऊँ ऐसी प्रार्थना है।

तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर 7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगीं इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी



है प्रीत जहाँ की रीत सदा
मैं गीत वहां के गाता हूं
भारत का रहने वाला हूँ
भारत की बात सुनाता हूँ...



**विशेष**
**२६ जनवरी २०२५**
**उतार चढ़ाव बरा कढ़ही**



**कविता वासनिक**
अनुराग धारा राजनांदगाव का सांस्कृतिक कार्यक्रम
दिन-रविवार 26 जनवरी 2025
शाम 4:50 बजे से रात 11 बजे तक

**संत श्री माता जी**
**संस्थापक**
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
**राजलक्ष्मी मंदिर**
**जय शक्ति आश्रम**
**ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)**

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥**

क्रमशः

## खबर संक्षेप



### राइस मिल में दिखा नाग सर्पमित्र ने जंगल में छोड़ा

**बालोद।** सोमवार को झलमला के एक राइस मिल में एक नाग सांप घुस गया। सांप को देखकर वहां काम करने वाले लोग डर गए। बाद लोगों ने इसकी सूचना बालोद शहर निवासी सर्पमित्र जागेश्वर ढीमर को दी। जानकारी मिलने पर सर्पमित्र जागेश्वर ने वहां पहुंचकर रेस्क्यू किया और सांप को जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया।

### बीएसपी कर्मी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** फांसी लगाने के पहले बीएसपी कर्मी ने अपनी बहु को वीडियो कॉल कर जानकारी दी। उसके बाद फांसी पर झूलने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानाम कर पीएम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि बीएसपी कर्मी सेक्टर 1 क्रॉस स्ट्रीट 1 क्वार्टर नंबर 41 सी निवासी राजेश सोनकर 53 वर्ष ने अपने मकान में फांसी लगा लिया। इस दौरान फांसी लगाने के पहले राजेश सोनकर अपनी बहु को वीडियों कॉल कर घटना को अंजाम देने की जानकारी देकर फांसी पर झूल गया। इस आत्मघाती कदम उठाने के पीछे क्या कारण है इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मौके से पुलिस को किसी भी प्रकार का सुसाइडल नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक मृतक पारिवार को लेकर परेशान था। फिलहाल जांच के बाद ही घटना का असली कारण पता चल पाएगा। मृतक की पत्नी मायके बिलासपुर गई हुई है। घटना की जानकारी लगने पर अपने घर सेक्टर 1 आने को निकली है। बताया जा रहा है सुबह 9 से 10 बजे के मध्य घरेलू काम करने वाली नौकरानी घर आकर काम करने के बाद नाश्ता बनाकर राजेश सोनकर को दिया था। नाश्ते का प्लेट वैसे ही पड़ा हुआ था।

### आरक्षक और उसके दोस्त ने संत्री के साथ की मारपीट

**भिलाई।** बिना हेलमेट के आरक्षक और उसका दोस्त बटालियन परिसर में बाइक में सवार होकर भीतर प्रवेश करने की कोशिश करने के मामले में संत्री के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरक्षक और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 296, 221,1 32, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्रथम बटालियन छसबल आरक्षक हुसीलाल यादव ने शिकायत किया है कि वीर कोमल गेट में ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान छसबल आरक्षक 19 शैलेन्द्र सारंग दोस्त राहुल प्रसाद दोनों अलग अलग अपनी बाइक से बिना हेलमेट के बटालियन परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जिसे लेकर दोनों को रोका गया, इसी बात को लेकर आरक्षक शैलेन्द्र सारंग, राहुल प्रसाद संत्री के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते विवाद करने लगे। दोनों ने गाली गलौज कर पीड़ित से मारपीट करने लगे। घटना में हुसीलाल यादव के पीठ सिर पर चोट आई है। घटना 18 जनवरी की है।

रमतरा में तीन दिनों तक रही राम नाम की गूंज, नवजागृति मानस प्रचार समिति ने किया मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन

# पुरुषों में मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा व महिलाओं में माधुर्य महिला मानस परिवार गुरामी चिखली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

नवजागृति मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में ख्याति प्राप्त 16 मंडलियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा प्रथम, पावन धारा मानस परिवार छइया(घटरानी) द्वितीय, वेद श्रवण मानस परिवार पलान्दूर मानपुर मोहला तृतीय, सिया के राम मानस परिवार खट्टी अभनपुर चतुर्थ एवं पंचम पुरस्कार गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर गरियाबंद रहे।

इसी प्रकार महिला वर्ग में माधुर्य महिला मानस परिवार गुरामी चिखली प्रथम, भूमिका महिला मानस मंडली गुढियारी रायपुर दितीय, माधुर्य महिला मानस मंडली नहरगांव खपरी गरियाबंद तृतीय, पावन गंगा महिला मानस मंडली मठपुरैना रायपुर चतुर्थ एवं सीताक्षी महिला मानस परिवार सिगदेही भखारा पंचम स्थान पर रही। अनुशासन पक्ष मे जान्हवी बालिका मानस परिवार भरुवाडीह खरोरा, गायन मे वेद श्रवण मानस परिवार पलान्दूर, व्याख्यान मे मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा एवं संगीत पक्ष में परमेश्वर मानस परिवार सेम्हरतला राजिम को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।



## भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का प्रयास करें

मुख्य अतिथि भाजपा नेता धर्मेंद्र साहू ने कहा कि जीवन में सत्संग का लाभ लेना चाहिए। भगवान राम के आदर्श को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, तभी जीवन सार्थक होगा। उन्होंने समिति को 3 हजार रुपये देने की घोषणा की। अध्यक्षता पप्पू कांकरिया ने कहा कि समाज में अच्छे विचार के लोग ऐसे आयोजन करते हैं। आज युवाओं का योगदान काफी अच्छा रहा है। समिति को 5 हजार रुपये देने की घोषणा की। सभा को दुलार साहू, जयप्रकाश साहू संतोषी ठाकुर, पूर्णिमा साहू, अनिता साहू ने भी संबोधित किया। सभी अतिथियों को मानस परिवार की ओर से रामटोकरी, पीला फेटा, श्री फल, भगवान राघवेंद्र का छाया चित्र देकर सम्मानित किया। नारायण साहू ने बताया कि सोमवार को मड़ई मेला के दूसरे दिन याने मंगलवार को हरदानी का कार्यक्रम रखी गई है। मंगलवार को इस अवसर पर सुदर्शन साहू, नारायण साहू, केदार कुरपाल, गिरधारी हिरवानी, जगत राम साहू, संतराम हिरवानी, गोरेलाल साहडा, चमन साहडा, जगन्नाथ यादव, चिन्ता राम साहू, संतराम चन्दनमलागर, नीलकंठ साहू, मिलन साहू, पाल सिह हिरवानी, यूकुमार साहू, पुरानिक साहू, छन्नू राम साहू सहित समिति एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।

## धोबनपुरी में किया गया कलाकारों का सम्मान

**गुरूर।** जय दशरथ नंदन रामधुनी एवं समस्त ग्रामवासी धोबनपुरी के तत्वावधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ी लोक महोत्सव रामधुनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा रक्तदान एवं जन्मभूमि धोबनपुरी समिति की ओर से कलाकारों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में रामधुनी के गायक बाबू, लाल साहू, नाट्य चरण दास चोर कलाकार बिहारी नाथ योगी, पंडवानी कंगलू राम साहू, नाचा, तबला, हरमोनियम वादक शिवदयाल साहू, भजन आनंद राम रावटे, एसडीएम गुरुर प्राची ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ शिल्पा साहू, नक्सल आपरेशन कांकेर डीएसपी डा. मिखलेन्द्र को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल भेंटकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने में गांव के लोगों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। इसमें चोवा राम, खिलेश्वर कुमार, भोलेश्वर, पंकज गंजीर, चन्द्रकांत हिरवानी, अर्जुन साहू, फलेश्वर ठाकुर, दीपक साहू सहित 18 लोगों ने रक्तदान किया। समिति की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया



गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू ने कहा कि तीन दिवसीय रामधुनी महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम कराकर गांव का नाम रोशन किया है। भगवान राघवेंद्र के बताए मार्ग पर चलने का प्रयास कर गांव को आदर्श ग्राम बनाने में सहयोग करें। जनपद सदस्य ममता साहू, संध्या अजेन्द्र साहू ने कहा कि जीवन मे अच्छे संस्कार पाने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है तभी सुख की प्राप्ति होती है। राम के आदर्श को आत्मसात करे। सभा को ग्राम सेवक धन्नू राम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति अश्वनी साहडा, ग्रामीण कोषाध्यक्ष गोवर्धन सोनबोईर, पोखन सोनबोईर, छगन गंजीर, निर्मल कुमार, ईश्वर गंगबेर, रुपेन्द्र कुमार, लाकेश्वर गजभीम अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को भगवान राघवेंद्र के छायाचित्र, पीला फेटा, श्री फल देकर सम्मानित किया। मंच संचालन भरत सिन्हा घोघोपुरी, शिक्षक लोकनाथ पवार ने किया। इस अवसर पर विजय हिरवानी, मुकेश कुमार, रिकेश कुमार, लिलेश्वर कुंवरदादरा, ताराचंद साहू, भुजबल ठाकुर, रुपेन्द्र गंगबेर, योगेश कुमार साहू, धनेश गंगबेर, गुलिंद राम, अमित साहू, टिकेश्वर धनकर, टीकमचंद, डोमार यादव सहित आयोजन समिति एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।

## रामायण जीवन दायिनी संस्कार का अनुपम स्रोत है, इसे भावी पीढ़ी को विरासत में दें

- बेल्हारी में हुआ राज्य स्तरीय रामायण मेला महोत्सव

जामगांव आर। युवा मित्र मंडल द्वारा ग्राम बेल्हारी में आयोजित राज्य स्तरीय रामायण मेला महोत्सव, 26वें वर्ष के इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के विभिन्न जिलों से 30 मानस दलों ने भाग लिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, रूपेंद्र शुक्ला, किशोर चन्द्राकर, तहसील मानस संघ अध्यक्ष टीकाराम साहू, संदीप शर्मा, अमित राठी, मोहित निषाद, ईशु बंसोड़, भेन चन्द्राकर, राजुकुमार साहू, सनत शर्मा, दीपांशु महमल्ला, बिसहत साहू, संतोष लहरे, आनन्द बंसोड़, अमरनाथ, जगत सिन्हा, डोमार साहू, वेद अग्रवाल, अभिषेक सेन, बाबूलाल साहू, प्रकाश साहू, भूषण साहू सहित बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि रामचरित मानस की शिक्षाओं के प्रचार–प्रसार में गोस्वामी तुलसी दास जी का योगदान अतुलनीय है।



रामायण जीवन दायिनी संस्कार का अनुपम स्रोत है। इसे भावी पीढ़ी को विरासत में दें, जन जन तक पहुंचाने में ऐसे आयोजन मददगार साबित होगा। कार्यक्रम संयोजक मनीष चन्द्राकर ने कहा कि रामायण, गीता जैसे महाग्रन्थ हमारे जीवन को दिशा देते हैं। सनातन संस्कृति व सभ्यता ही हमारी ताकत रही है, लेकिन साजिशन दूसरे लोग हम पर अपनी संस्कृति थोप रहे हैं। ऐसे में हम सभी को मिलजुल कर अपनी संस्कृति को संजोने और सामाजिक एकता के प्रयास को बढ़ावा देना जरूरी है। सरपंच प्रतिनिधि हलधर महमल्ला, संस्थापक सदस्य यादमल गोलछा, समाजसेवी नीलकंठ शुक्ला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में ग्राम प्रमुख संतोष राठी, प्रदीप सिंह तोमर, मानस भूषण आशीष सिन्हा, रामकुमार शांडिल्य, एंकर अनिल शर्मा, रामसिंह बंसोड़, ताराचंद महतो, खुमान साहू, भास्कर वर्मा, डॉ सूजन भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तम रिगरी व आभार प्रदर्शन समिति अध्यक्ष भूषण चन्द्राकर ने किया।

### कुरूद और डोंगरगढ़ की मंडलियों को मानस धनुर्धर का सम्मान

आयोजन में पुरुष वर्ग में पंचानन मानस परिवार कुरूद एवं महिला वर्ग में शिवप्रिया बालिका मानस दल रुंवातला डोंगरगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर मानस धनुर्धर का सम्मान हासिल किया। इसी तरह उपरवारा, भिम्भौरी, ढाबाडीह, परसाही एवं महिला वर्ग में अम्बागढ़ चौकी, गुढ़ियारी रायपुर, डाडेसरा, फरसिया नगरी को द्वितीय से पंचम क्रम में स्थान मिला।





## आम बगीचा बालोद में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा, पहले दिन निकाली गई शोभायात्रा

महिलाओं ने पीले वस्त्र पहन सिर पर कलश धारण कर किया शहर भ्रमण

**बालोद।** इंद्राक्षी शत्चंडी महायज्ञ व श्रीमद् भागवत यज्ञ सप्ताह का आयोजन 21 से 29 जनवरी तक श्रीनिकुंजधाम आम बगीचा बालोद में किया जा रहा है। कथा प्रवचन दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ होगा। इसके तहत मंगलवार को कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। इस अवसर पर पंडित राजेश कुमार तिवारी कथावाचक को रथ पर विराजमान कर शहर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में मुख्य यजमान ने सिर पर श्रीमद् भागवत गीता को लेकर व अन्य महिलाओं ने पीले



वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर मुख्य यजमान के पीछे-पीछे पैदल शहर भ्रमण किया। कथा आयोजन के तहत सुबह 7 बजे से दोपहर ढेड़ बजे तक शत्चंडी यज्ञ होगा। श्रीमद्भागवत के प्रथम दिन 21 जनवरी को गोकर्ण कथा सुनाई गई। 22 जनवरी को नाम संकीर्तन यज्ञ परिक्रमा होगी। 25 जनवरी को गजेन्द्र मोक्ष, श्रीराम एवं कृष्ण जन्मोत्सव कथा होगा। 26 जनवरी को महारास, दही लूट एवं रूखमणी विवाह कथा होगा। 28 जनवरी को परीक्षित मोक्ष, श्रीमद् भागवत चढ़ोत्तरी होगा। 29 जनवरी को गीता हवन, तुलसी वर्षा होगी।

## कौही में हुई विकासखंडस्तरीय खेल प्रतियोगिता

**जामगांव आर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र दुर्ग जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा के दिशानिर्देश पर पाटन ब्लॉक के ग्राम कौही में विकासखंड स्तरीय खेल स्पर्धा आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू थे, अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन सभापति रमन टिकरिहा ने की। विशेष अतिथि सरपंच मनोरमा टिकरिहा थीं। कबड्डी में प्रथम स्थान



देवरी की टीम, द्वितीय स्थान पर सिलतरा की टीम, वहीं 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम एकता यादव, द्वितीय दीक्षा यादव, तृतीय कीर्ति यादव रही, 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रथम सामंत निषाद, द्वितीय छत्रपाल पटेल, तृतीय बसंत नेताम रहा, रस्साकस्सी में प्रथम स्थान में मधु मरकाम की टीम और शिवानी साहू की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न युवा मंडल की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ढाल सिंह साहू, चंदन कुमार, भगवान सिंह निषाद, रूपनारायण, कमलेश्वर यादव, ठाकुर राम, मिथलेश ठाकुर, जय बजरंग युवा क्लब एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।

## मोहारा में हुआ दीप महायज्ञ

**गुरूर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चल कर अखंड ज्योति कलश रथ परम वंदनिया माता जी एवं अखंड ज्योति दीप के शताब्दी वर्ष की भव्य समारोह की तैयारी के लिए हीरक मंडल मोहारा के अंतर्गत मोहारा, अरमरीकला, जेवरतला, मुड़पार कोसागोंदी, डांडेसरा में भ्रमण कर संध्याकालीन दीप महायज्ञ मोहारा में किया गया। इस कार्यक्रम में अखंड ज्योति रथ के साथ आए परिजन दीनदयाल, छन्नू लाल, डॉ जेआर साहू, धनसिंग गंजीर मायाराम साहू, भूषण लाल सार्वा, डॉक्टर डीएल गंजीर, सूखितराम नायक, डा गोपाल साहू, डॉक्टर हरिकृष्ण गंजीर, डॉ पवन गजीर, शंकर लाल साहू, भूपेश साहू,



दीपक साहू, जंगलू साहू, पुनीत राम साहू, अजीत राम साहू, अनुसूईया साहू, उषा गंजीर, रेणुका गजीर, सोनिया साहू, राजकुमारी साहू, जोहनी साहू एवं गायत्री परिवार एवं ग्रामीण परिजन उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर व स्वच्छ मन वाला युवा ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- ग्राम मनौद में पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन हुए विविध कार्यक्रम

ग्राम मनौद में अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन प्रातः ध्यान साधना, योग प्राणायाम के साथ शुभारंभ हुआ। उसके बाद 9 बजे से पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में ग्रामीण जन अधिक संख्या में भाग लिया। गायत्री महायज्ञ में विश्व कल्याण के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र वेदमंत्रें की आहुति



दी गई एवं दीक्षा, पुंसवन, विद्यारंभ जैसे विभिन्न संस्कार निरूशुल्क कराया गया।

युवाजागरण के तहत गायत्री परिवार देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित दिया दिव्य भारत युवा संघ के जिला प्रभारी राजेंद्र कुमार सिन्हा ने राष्ट्र में युवाओं की भागीदारी पर कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन वाला युवा ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है। पवित्र एवं चरित्रवान युवा ही किसी राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति होती है। साथ ही प्रज्ञापुराण कथा के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण संबंधित ज्ञान संगीतमय प्रस्तुति मंचस्थ प्रज्ञापुत्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

शायंकालीन सहस्त्र वेदीय दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सभी परिजन अपने घरों से दीपक लेकर शामिल हुए और नवयुग के आगमन हेतु महामंत्रें के साथ आहुति दी गई एवं बुराइयों से मुक्त हो श्रेष्ठ मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। आयोजन में शामिल होने क्षेत्र के श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा है।

